<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>सितारगंज क्षेत्र में किसान गोष्ठी का आयोजन</u>

पंतनगर। 29 अगस्त 2023। विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–साहीवाल एवं बकरी परियोजना के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन सिडकुल क्षेत्र के बारहाराणा स्मारक, सितारगंज में किया गया, जिसमें अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान डा. एस.पी. सिंह द्वारा पशुपालन की उपयोगिता एवं महत्व के विषय पर व्याख्यान दिया गया। परियोजनाधिकारी डा. शिव कुमार द्वारा कुक्कुट पालन प्रबंधन पर व्याख्यान दिया गया। गोष्ठी में प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (एल.पी.एम.) डा. आर.के. शर्मा द्वारा उन्नत पशुपालन एवं प्रबन्धन के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला तथा संयुक्त निदेशक शैक्षणिक डेरी फार्म डा. एस.के. सिंह द्वारा बकरी पालन के प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिया। सहायक प्राध्यापक, पब्लिक हैल्थ डा. मानसी द्वारा पशुओं से मनुष्यों में होने वाले रोगों एवं इनकी रोकथाम विषय पर व्याख्यान दिया तथा पशु चिकित्साधिकारी डा. संदीप कुमार तलवार द्वारा पशु रोगों से जुड़ी जानकारी एवं उनका समाधान भी बताया गया। गोष्ठी के दौरान पशुओं के उपयोग हेतु किसानों को दाने के लिए टब, पानी के लिए बाल्टी, मिनरल मिक्सचर, कैल्शियम एवं औषधी इत्यादि का वितरण भी किया गया। गोष्ठी में कुल 88 महिला एवं पुरूष पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा पशुपालकों को पशुपालन से सम्बंधित जानकारी दी गयी तथा उनकी समस्याओं का निदान किया गया। इस दौरान गोष्ठी का संचालन प्रमुख पशुपालक एवं प्रगतिशील किसान श्री सुरेश सिंह राणा, कोषाध्यक्ष, बारहाराणा स्मारक, सितारगंज ने किया। गोष्ठी में सितारगंज क्षेत्र से प्रमुख पशुपालक श्री अमरनाथ, पूनम राणा देवी एवं भुवन सिंह राणा द्वारा सहयोग किया।




*किसान गोष्ठी के दौरान किसानों को पशुओं संबंधित सामग्री वितरण करते वैज्ञानिक।*

**निदेशक संचार**